आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार**

**दिनांक 09.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

## मुख्य समाचारः–

1– केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में अभी भी सक्रिय नक्सलियों से अपील की है कि वे हथियार सौंप कर आत्मसमर्पण कर दें और समाज की मुख्य धारा में वापस लौट आए।

2– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से बातचीत की–उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा से आगे सोचने और जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता तथा आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया प्रेरित।

3– प्रदेश के नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को भी श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का मिलेगा लाभ।

**और**

4– गौरैला–पेंड्रा–मरवाही जिले में कल अरपा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

............

**केन्द्रीय गृहमंत्री–बस्तर पंडुम–01**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अभी भी सक्रिय बचे खुचे नक्सलियों से अपील की है कि वे हथियार सौंप कर आत्मसमर्पण कर दें और समाज की मुख्य धारा में वापस लौट आए। सरकार पूरे सम्मान के साथ उनका पुनर्वास करेगी। आज बस्तर के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जो भी नक्सली सशस्त्र संघर्ष जारी रखेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा और हथियार का जवाब हथियार से दिया जाएगा।

बस्तर की संस्कृति और कला की सराहना करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि यहां की संस्कृति भारत की संस्कृति का आभूषण है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने बताया कि बस्तर पंडुम महोत्सव के तहत बारह विधाओं में हुई प्रतियोगिताओं के पहले तीन विजेता दलों को राष्ट्रपति भवन में आमंत्रित किया जाएगा और वे वहां अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

**केन्द्रीय गृहमंत्री–बस्तर पंडुम–02**

समापन समारोह के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने बस्तर पंडुम महोत्सव के तहत हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लालबाग मैदान में आयोजित जनजातीय परंपराओं और संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर जनजातीय समाज के जीवन में उपयोग होने वाले उत्पादों, हस्तशिल्प और कलाओं की जानकारी ली।

ग़ौरतलब है कि बस्तर पंडुम महोत्सव के तहत जगदलपुर में सात से नौ फरवरी तक तीन दिनों के दौरान हुई संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में बस्तर के सात जिलों के कलाकारों ने बारह अलग–अलग विधाओं जैसे – जनजातीय चित्रकला, शिल्पकला, वाद्ययंत्र, गीत, नृत्य आदि में अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं से परे देखने और जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता तथा आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन की आवश्कता पर बल दिया।

**अगर अनुशासन है ही नहीं, तो कितने ही इन्सपरेशन होगा, तो वो इन्सपरेशन किस काम का। मान लीजिए कि एक किसान है,**

**उसको प्रेरणा मिल रही है बगल वाला किसान बहुत फसल कर रहा है। इन्सपरेशन है यार लेकिन ये जोतेगा नहीं और बारिश आ गई फिर वो कुछ भी करें, उसकी हालत खराब ही रहेगी।**

प्रधानमंत्री ने 'वेड इन इंडिया' अभियान का भी जिक्र किया, जो विदेश के बजाय देश में ही शादी समारोह आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी पर निर्भर होने के बजाय इसका बुद्धिमानी से उपयोग करना चाहिए। दुर्ग स्थित केंद्रीय विद्यालय की ख्याति साहू ने बताया कि 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय व्यंजन ठेठरी और खुरमी का भी स्वाद चखा।

इस वर्ष, रायपुर, देवमोगरा, कोयंबटूर, गुवाहाटी और दिल्ली के लोक कल्याण मार्ग पर परीक्षा योद्धाओं के साथ संवाद सत्र आयोजित किए गए।

**परीक्षा पे चर्चा–छत्तीसगढ़**

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दूसरे चरण में आज छत्तीसगढ़ के छत्तीस हजार से अधिक विद्यालयों से कार्यक्रम प्रसारित किया गया, जिसे छत्तीसगढ़ के लगभग तीस लाख दर्शकों ने देखा।

दूसरे चरण में रायपुर जिले के माना कैम्प स्थित पीएम श्री नवोदय विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थी तेजस चन्द्राकर को प्रधानमंत्री से प्रश्न पूछने का अवसर प्राप्त हुआ। तेजस ने परीक्षा के बाद भ्रमण योग्य स्थलों के

संबंध में जानकारी चाही। प्रधानमंत्री ने तेजस को उसके निवास तहसील से प्रारंभ करते हुए तहसील, जिला और राज्य स्तर पर देखने योग्य स्थलों की सूची तैयार करने, उनके भ्रमण की योजना बनाने तथा इन यात्राओं को सीखने के अवसर के रूप में अपनाने का सुझाव दिया।

## श्रमिक योजना–लाभ

प्रदेश के नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को भी श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग ने इसके लिए सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर पात्र सफाई कर्मियों का श्रम विभाग में पंजीयन कराने को कहा है। विभाग ने नगरीय निकायों में काम कर रहे ऐसे सफाई कर्मचारी जो ईएसआईसी और ईपीएफ की पात्रता नहीं रखते हैं, उनका श्रम विभाग के असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि प्रदेश के सफाई कर्मचारी हमारे शहरों की स्वच्छता की रीढ़ है। उनकी मेहनत और समर्पण को सम्मान देते हुए राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी पात्र सफाई कर्मी श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहें।

## पेट्रोलियम मंत्रालय–जागरूकता अभियान

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ सक्षम जागरूकता अभियान के तहत देशभर में साइक्लोथॉन,

वॉकाथॉन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आईआईटी भिलाई परिसर में इंडियन ऑयल द्वारा सक्षम अभियान के अंतर्गत साइक्लोथॉन और वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने बताया कि सक्षम जागरूकता अभियान का उद्देश्य पेट्रोल, डीज़ल जैसे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, ईंधन की बचत तथा पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

**फाइलेरिया उन्मूलन अभियान**

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ में कल दस फरवरी से सामूहिक दवा सेवन अभियान की शुरूआत की जाएगी। इसके तहत राज्य के अट्ठारह जिलों के पैंसठ विकासखंडों में बूथ के माध्यम से और घर–घर जाकर फाइलेरियारोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा।

**अरपा महोत्सव**

गौरैला–पेंड्रा–मरवाही जिले में कल दस फरवरी को अरपा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत तीन सौ जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा।

साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे।

## दूरदर्शन–साहित्य पर्व

रायपुर साहित्य महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन का दूरदर्शन पर प्रसारण कल दस फरवरी से प्रारंभ होगा। यह विशेष कार्यक्रम 'साहित्य पर्व' शीर्षक से दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण दस, बारह, पन्द्रह, सत्रह, उन्नीस और बाईस फरवरी को दोपहर साढ़े तीन बजे किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक ग्यारह फरवरी को सुबह ग्यारह बजे से नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में आयोजित की जाएगी।

– सड़क निर्माण की मांग को लेकर चक्काजाम करने के मामले में जांजगीर से कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप और भाजपा की जिला पंचायत सदस्य उमा राठौर समेत बारह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बाद में उन्हें जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

— गरियाबंद जिले के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत के मामले में मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने चार सदस्यीय विशेषज्ञ जांच समिति का गठन किया है।

— महासमुंद जिले में पुलिस ने तीन अलग—अलग थाना क्षेत्रों से एक सौ बत्तीस किलोग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत छियासठ लाख रूपए बताई गई है। इन मामलों में ग्यारह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

और

— सूरजपुर जिले के रामनगर के मोहरा एनिकट में कल नहाने के दौरान दो स्कूली छात्रों की डूबने से मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>